# जमीनी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 22 अक्टूबर।** पिछोर थाना क्षेत्र के खुरई गांव में मंगलवार शाम जमीन के पुराने विवाद ने खूनी रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी चलीं, जिससे गांव में दहशत फैल गई। झगड़े में दोनों ओर के कई लोग गंभीर रूप से

## लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला, कई घायल

घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस-एफआईआर दर्ज की है। ग्राम खुरई में हुए इस झगड़े में घायलों को डायल-112 की मदद से पिछोर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें जिला अस्पताल शिवपुरी रेफर किया गया।



फरियादी राजेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि वे अपने घर के बाहर थे, तभी जसवंत, भूरी और नीतेश लोधी ने पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज कर हमला कर दिया। भूरी ने लाठी से पुष्पेन्द्र पर वार किया, जबकि राजेन्द्र पर कुल्हाड़ी से हमला हुआ, जिससे उनके सिर से खून बह निकला। राजेन्द्र की मां रामसखी और परिजन ब्रगभान पाल भी घायल हुए। सोलंकी परिवार का कहना है कि आरोपियों ने रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी। वहीं, दूसरे पक्ष के जसवंत लोधी उम्र 34 वर्ष का कहना है कि झगड़ा उनके और पुष्पेन्द्र के बच्चों के खेल-झगड़े से शुरू हुआ था। इसके बाद सामने वाले पक्ष ने उनकी मां और परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जसवंत को सिर, कमर और जांघों में चोटें आईं, जबकि उनकी मां भी खून से लथपथ हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों धनंजय ठाकुर और रामअवतार ठाकुर के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच स्थिति इतनी बिगड़ी कि ग्रामीणों को बीच-बचाव में दिक्कत हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान लेकर क्रॉस-केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की बारीकी से जांच की जा रही है, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

## ठकुरपुरा में दो पक्षों में चली लाठी-डंडे, पत्नी और ताऊ को भी पीटा, क्रॉस मामला दर्ज



**शिवपुरी।** दीपावली की रात शिवपुरी शहर के ठकुरपुरा क्षेत्र में पटाखे चलाने की बात पर दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि मामला लाठी-डंडों तक पहुंच गया। झगड़े में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए, जबकि बीच-बचाव करने आई महिला और बुजुर्ग ताऊ को भी नहीं छोड़ा गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर क्रॉस-एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरियादी अमन जाटव उम्र 20 वर्ष निवासी ठकुरपुरा ने बताया कि मंगलवार रात करीब 10 :30 बजे वह घर में पूजा कर रहा था। तभी पड़ोसी अनिल जाटव, मौनू जाटव और अमर सिंह जाटव घर के सामने पटाखे फोड़ रहे थे। जब उन्हें ऐसा न करने को कहा तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए डंडों से हमला कर दिया। अमन के अनुसार, शोर सुनकर उसकी पत्नी कनक जाटव और ताऊ कल्याण जाटव बीच-बचाव करने पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने उन पर भी डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान जीतू जाटव और निकिता जाटव ने भी मारपीट में साथ दिया और परिवार को जान से मारने की धमकी दी। वहीं, दूसरे पक्ष के अनिल सगर उम्र 28 वर्ष ने बताया कि वे गली में पटाखे चला रहे थे, तभी अमन जाटव, गजेन्द्र जाटव, कल्याण और धर्मवीर वहां आकर गाली-गलौज करने लगे और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। झगड़े में उनकी स्कूटी तोड़ दी गई और उनकी बहन निकिता तथा भाई जीतू घायल हो गए। झगड़े की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर क्रॉस-एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# पांच जुआरियों को किया गिरफ्तार, 24,500 नगदी बरामद

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 22 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले तथा एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में थाना सिरसौद पुलिस ने अवैध जुए के अड्डे पर दबिश देकर बड़ी सफलता हासिल की है।

थाना प्रभारी सिरसौद उपनिरीक्षक मुकेश दुबौलिया एवं उनकी टीम ने ग्राम सिरसौद के पास रामतलैया क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर जुआ खेलते हुए पांच आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 24,500 रूपए नगद एवं 52 पत्तों की ताश की गड्डी बरामद की। गिरफ्तार आरोपियों में मनीष पुत्र सिरनाम राजावत उम्र 27 वर्ष निवासी सिंहनिवास, अशोक पुत्र पहलवान रावत उम्र 30 वर्ष निवासी नबाब साहब रोड शिवपुरी, सोनू पुत्र रघुवीर कडेरे उम्र 32 वर्ष निवासी सिंहनिवास, संदीप पुत्र वीर सिंह रावत उम्र 25 वर्ष निवासी सिंहनिवास एवं राजेन्द्र पुत्र अमरू जाटव उम्र 30 वर्ष निवासी फोरलेन सिंहनिवास शामिल हैं।सभी आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 211/2025 धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत

## एसडीओपी पोहरी के मार्गदर्शन में थाना सिरसौद पुलिस ने अवैध जुए के अड्डे पर दी दबिश

प्रकरण दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक मुकेश दुबौलिया, सउनि बृजपाल सिंह तोमर, सउनि जगदीश भिलाला, प्रआर बीरेन्द्र सिंह, प्रआर रविन्द्र सिनोरिया, प्रआर मुकेश इंदोरिया, प्रआर वलबंत पाल, प्रआर बृजेन्द्र गुर्जर, आर शत्रुघन यादव, तथा आर चालक रमेश सिंह की सक्रिय भूमिका रही।

# शिवपुरी जिले को मिली उर्वरक की बड़ी खेप

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 22 अक्टूबर।** किसानों के लिए राहत भरी खबर है कि जिले को पीपीएल कंपनी की डीएपी एवं एनपीके की रैक प्राप्त हुई है। शिवपुरी रैक प्वाइंट पर रैक लगने से जिले को 320 मैट्रिक टन डीएपी एवं 375 मैट्रिक टन एनपीके उपलब्ध कराया गया है।

कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार इन उर्वरकों का वितरण 24 अक्टूबर से जिले की सहकारी समितियों, डबल लॉक गोदामों, विपणन सहकारी संस्थाओं एवं निजी थोक उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से किया जाएगा। वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। उप संचालक कृषि पीएस करौरिया ने बताया कि 10 सहकारी समितियों को 250 मै.टन डीएपी, 3 डबल लॉक गोदामों को 145 मै.टन, विपणन सहकारी संस्थाओं को 100 मै.टन तथा निजी उर्वरक विक्रेताओं को 70 मै.टन डीएपी एवं 130 मै.टन एनपीके आवंटित किया गया है। जिले की 10

## किसानों को मिलेगा डीएपी व एनपीके, 24 अक्टूबर से वितरण शुरू

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों मुहासा, खरैह, मगरौनी, सीहोर, नरवर, कालीपहाड़ी, खुदावली, गरेठा, बैराड़ एवं बूढ़दा को 25-25 मैट्रिक टन के मान से कुल 250 मै.टन डीएपी प्राप्त हुआ है। करैरा को 50 मै.टन, पिछोर को 70 मै.टन, और पोहरी को 25 मै.टन एनपीके उपलब्ध कराया गया है।नल दमयंती विपणन संस्था नरवर को 50 मै.टन, मार्केटिंग खनियाधाना को 25 मै.टन एवं पोहरी संस्था को 25 मै.टन एनपीके मिला है। निजी थोक उर्वरक विक्रेताओं गिर्राज ट्रेडिंग कंपनी को 5 मै.टन डीएपी एवं 50 मै.टन एनपीके, जनता एग्रो एजेंसी को 25 मै.टन डीएपी एवं 40 मै.टन एनपीके, विनोद ट्रेडिंग कंपनी को 25 मै.टन एनपीके, छाजेढ बंधु को 15 मै.टन एनपीके, आस्था ट्रेडर्स, अनन्या ट्रेडर्स, धाकड़ बीज भंडार, कार्तिक बीज भंडार एवं रबी खाद भंडार को क्रमशः 7.5-7.5 मै.टन डीएपी उपलब्ध कराया गया है। कृषि विभाग के अनुसार, इस खेप के पहुंचने से रबी फसलों की बोवनी के लिए उर्वरक आपूर्ति सुचारू रहेगी और किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो सकेगी।

# अवैध कट्टा लेकर घूम रहे युवक को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 22 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में अवैध हथियार रखने वालों पर चलाए जा रहे अभियान के तहत खनियाधाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने वारदात की नियत से घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा एवं एक जिंदा राउंड बरामद किया है।

खनियांधाना टीआई गब्बर सिंह गुर्जर के अनुसार पुलिस को बीती रात करीब 8:30 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि आईटीआई के पास कच्चे रास्ते पर एक युवक अवैध हथियार लिए खड़ा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए निरीक्षक गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस टीम



मौके पर पहुंची। मुखबिर के बताए हुलिए के आधार पर युवक की पहचान की गई, जिसने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस बल ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सत्यम सिकरवार पुत्र नरेन्द्र सिकरवार उम्र 18 वर्ष 9 माह निवासी ग्राम भौडन, थाना खनियाधाना जिला शिवपुरी बताया। तलाशी लेने पर उसकी कमर से 315 बोर का देशी कट्टा एवं एक जिंदा राउंड बरामद किया गया। आरोपी से हथियार का वैध लाइसेंस मांगा गया तो वह प्रस्तुत नहीं कर सका, जिस पर पुलिस ने देशी कट्टा और जिंदा राउंड जप्त कर अपराध क्रमांक 460/2025 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक गब्बर सिंह गुर्जर, सउनि रामसिंह भिलाला, आर. अनूप कुमार, हेमसिंह, जयवीर गुर्जर, अरविंद कौरव एवं संदीप जाटव की सराहनीय भूमिका रही।

# सूने मकान पर चोरों का धावा, लाखों के जेवरात और नगदी पार

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 22 अक्टूबर।** बदरवास कस्बे की श्रीराम कॉलोनी में एक सनसनीखेज चोरी की वारदात सामने आई है। चोरों ने परिवार के ससुराल जाने

## खेत में मिले टूटे बक्से

का फायदा उठाकर सूने मकान से लाखों रुपए के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार माखन केवट निवासी श्रीराम कॉलोनी 21 अक्टूबर की शाम अपनी



पत्नी के साथ इंदार गांव स्थित ससुराल गए थे। जब वे अगले दिन सुबह लौटे, तो देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था और घर का सामान बिखरा पड़ा था। घर के बक्से कुछ दूरी पर खेत में फेंके हुए मिले। चोरों ने घर से चांदी की दो जोड़ी पायल, कमर पेटा, हाथों के पट्टे, बच्चों के आठ जोड़ी चूड़े, पांच जोड़ी बिछुड़ी, बच्ची की तीन हाय, सोने के बाले, सोने का मंगलसूत्र और 5,000 रूपए नगद उड़ा लिए। चोरी गए सामान की कुल कीमत लाखों रूपए बताई जा रही है। पीड़ित माखन केवट ने आसपास पूछताछ की, लेकिन किसी ने संदिग्ध व्यक्ति को नहीं देखा। इसके बाद उन्होंने बदरवास थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, साथ ही सीसीटीवी कैमरों और मुखबिर तंत्र के जरिए चोरों की तलाश में जुट गई है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से रात के गश्त बढ़ाने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# चलती बाइक पर सियार का हमला

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 22 अक्टूबर।** एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। चलती बाइक पर सवार एक दंपती पर सियार ने झपट्टा मार दिया। सियार ने झाड़ियों से निकलकर बाइक सवार व्यक्ति के पैर को अपने जबड़ों में दबोच लिया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना नोहरी चक्क गांव के पास चंदनपुरा रेलवे क्रॉसिंग के समीप हुई।

जानकारी के अनुसार, नोहरी चक्क निवासी ब्रजमोहन कुशवाह अपनी पत्नी के साथ कृषि फार्म से बाइक पर घर लौट रहे थे। तभी झाड़ियों में छिपे सियार ने



## जबड़े से पैर दबोचा, दंपती बाल-बाल बचे

अचानक झपट्टा मारा और ब्रजमोहन के पैर को जबड़ों से जकड़ लिया। अचानक हुए हमले से ब्रजमोहन ने संतुलन खो दिया, लेकिन हिम्मत दिखाते हुए बाइक को गिरने से बचा लिया। सियार हमले के बाद वापस झाड़ियों में भाग गया। घायल अवस्था में ब्रजमोहन ने फोन से परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें शिवपुरी जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों के अनुसार, ब्रजमोहन के पैर में गहरा जख्म है और उनका इलाज जारी है। ग्रामीण क्षेत्र में सियार के इस तरह के हमले से लोगों में दहशत और चिंता का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में सियारों की बढ़ती संख्या पर निगरानी रखने और सुरक्षा के उपाय करने की मांग की है।

# दान में मिली जमीन पर बनाएंगे गार्डन

- ग्वालटोली में यादव समाज ने आयोजित किया कार्यक्रम
- विधायक सुदेश राय व नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर रहे मौजूद

नवभारत न्यूज

**सीहोर 22 अक्टूबर.** लाखों रुपए की निजी भूमि को समाज के लिए दान करना बड़ी बात है. पांच लाख रुपए हमने निर्माण के लिए दिए हैं, लेकिन धर्म के सामाजिक कार्यों के लिए बनाए जाने वाले भवन निर्माण में समाज के सभी लोगों का धनअंश होना चाहिए.

उक्त बात विधायक सुदेश राय ने ग्वालटोली में गौवर्धन एवं भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान



समाजजनों को संबोधित करते हुए कहीं.उन्होंने कहा कि गंज क्षेत्र के हर क्षेत्र में नगर पालिका के द्वारा विकास कार्य कराए जा रहे हैं. निर्माण कार्यो के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है. कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने भी संबोधित किया उन्होने कहा कि निर्माण कार्यो में नगर पालिका पूरा सहयोग करेगी और सासंद विधायक निधि से राशि लेकर निर्माण कार्यो के लिए उपलब्ध कराई जाएगी.

# आज भाईदूज पर बंदियों से 10 मिनट तक मिल सकेंगी बहनें

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 22 अक्टूबर।** भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक भाईदूज इस बार जेल की ऊंची दीवारों के भीतर भी रिश्तों की गर्माहट लेकर आएगा। शिवपुरी सहित जिले की

## प्रशासन ने जारी किए दिशा-निर्देश

सभी उप-जेलों में बंदियों को अपने परिजनों खासकर बहनों से मिलने की अनुमति दी गई है। इस मौके पर जेल प्रशासन ने विशेष दिशा-निर्देश जारी करते हुए सुरक्षा और अनुशासन दोनों का ध्यान रखा है।



जेल अधीक्षक सर्किल जेल शिवपुरी के आदेश पर 23 अक्टूबर को शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, श्योपुर, पोहरी, कोलारस, पिछोर, करैरा और चांचौड़ा की उप-जेलों में बंदियों से उनके परिजनों की मुलाकात होगी। प्रत्येक बंदी को अपने परिजनों से मिलने के लिए केवल 10 मिनट का समय दिया गया है। यह मुलाकात सुबह 9:30 से दोपहर 2:30 बजे तक होगी। पुरुष बंदियों से केवल उनकी महिला परिजन और 6 वर्ष तक के बच्चे ही मुलाकात कर सकेंगे। जेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मुलाकात के लिए आने वाले परिजनों को आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र या पैन कार्ड में से कोई एक वैध पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है। सुरक्षा कारणों से मोबाइल, नकदी, पर्स या अन्य कीमती सामान जेल परिसर में ले जाना वर्जित रहेगा। मुलाकात के दौरान केवल 250 ग्राम तक मिठाई, गजक या सोनपपड़ी ले जाने की अनुमति होगी।

जेल प्रशासन ने भाईदूज की परंपरा को निभाने के लिए पूजा की थाल की भी व्यवस्था की है, जिसमें हल्दी, कुमकुम और चावल (अक्षत) जैसे पूजन सामग्री उपलब्ध रहेगी। प्रशासन ने परिजनों से अपील की है कि वे बंदियों को नकद राशि या वस्तुएं न दें, अन्यथा मुलाकात निरस्त की जा सकती है और कानूनी कार्रवाई भी संभव है।

# क्षेत्रीय मुद्दों से भटका ध्यान, ग्रामीण कर रहे टूटी पुलिया की मरम्मत की मांग

नवभारत न्यूज

**पोहरी 22 अक्टूबर।** पोहरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बैराड़ से धोलागढ़ मार्ग पर बरके पर स्थित नदी का रपटा लंबे समय से टूटा हुआ पड़ा है। इस रपटे पर ना तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है और ना ही कोई बैरिकेडिंग की गई है। दीपावली जैसे पर्व के दौरान इस मार्ग से आने-जाने वाले यात्रियों की जान को गंभीर खतरा बना हुआ है, विशेषकर रात के समय हादसे की आशंका अधिक है। बैराड़ क्षेत्र के जागरूक पत्रकार शैलेन्द्र धाकड़ ने अपनी आपबीती सुनाते हुए कहा कि हाल ही में जब वे इसी मार्ग से गुजर रहे थे, तब उनकी गाड़ी इस टूटे रपटे में

## बैराड़ से धोलागढ़ मार्ग पर टूटा रपटा यात्रियों के लिए बना खतरा

फिसलते-फिसलते बची। उन्होंने बताया कि च्अगर गाड़ी की रफ्तार थोड़ी भी तेज होती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद उन्होंने



जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन वहां से जवाब मिला कि यह मामला पीडब्ल्यूडी विभाग का है।

**विधायक से की मुलाकात, लेकिन नहीं मिला समाधान :** शैलेन्द्र धाकड़ ने बताया कि उन्होंने 19 अक्टूबर को शाम को पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह से मुलाकात की, परंतु विधायक ने उनकी समस्या को सुनने के बजाय शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुननी शुरू कर दीं। धाकड़ ने बताया कि विधायक कैलाश कुशवाह को याद दिलाना चाहता हूं कि आप पोहरी विधानसभा के जनप्रतिनिधि हैं, न कि शिवपुरी विधानसभा के। आप लगातार शिवपुरी क्षेत्र के मुद्दों पर आवाज उठा रहे हैं, जबकि पोहरी के विकास कार्य ठप पड़े हैं।

**जनता कर रही खुद रपटे की मरम्मत :** स्थानीय लोगों का कहना है कि विधायक और विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के कारण अब ग्रामीण स्वयं इस रपटे की मरम्मत करने को मजबूर हैं। कई ग्रामीणों ने मिट्टी, पत्थर और मलबा डालकर अस्थायी रास्ता बनाने की कोशिश भी की है, ताकि दीपावली के दौरान यात्री सुरक्षित आवाजाही कर सकें। शैलेन्द्र धाकड़ ने बताया कि पोहरी विधानसभा क्षेत्र का नागरिक हूं और मुझे अपनी बात रखने का पूर्ण अधिकार है। विधायक महोदय को अपने क्षेत्र की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। अगर उन्हें पोहरी में रुचि नहीं है, तो वे शिवपुरी विधानसभा से चुनाव लड़ें। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि अगर विधायक और विभाग जल्द कार्रवाई नहीं करते, तो वे सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# लंबित मानदेय भुगतान करने के निर्देश

**सीहोर.** कुछ अतिथि शिक्षकों का मानदेय जुलाई एवं अगस्त माह के कुछ दिवसों का मानदेय ई-अटेंडेंस नहीं लग पाने कारण लंबित रह गया था. ई-अटेंडेंस का प्रारंभिक चरण होने के कारण कुछ अतिथि शिक्षकों को इसका पालन करने में दिक्कत हुई. स्कूल शिक्षा मंत्री के निर्देश पर लंबित मानदेय का भुगतान करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए. अतिथि शिक्षक की शाला में उपस्थिति पंजी के आधार पर उसकी एंट्री एजुकेशन पोर्टल 3 पर करने के लिये कहा गया है.